possible for the Government to meet demand for foodgrains.

मालपा त्रासदी से प्राभावित लोगों का पुनर्वास

328. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या प्रधान मंत्री 17 दिसम्बर, 1998 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 272 के लिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगें किः

(क) क्या यह सच हैं कि रूद्र प्रयाग (चमोली जिले) की उखीमठ तहसील के 20 से अधिक गांवों को असुरक्षित घोषित किया गया हैं तथा उनके स्थान पर नये गांवों का निर्माण हेतु आयुक्त, गढ़वाल द्वारा गुप्तकाशी के पास भूमि उपलब्ध करायी गयी हैं;

(ख) क्या केन्द्र सरकार ने उखीमठ त्रासदी से पीड़ित इन गांवों के पुनर्निर्माण के संबंध में राज्य सरकार के साथ चर्चा की हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है और इसलिए इस संबंध में उससे कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया।

दलहन प्रोत्साहन योजना का कार्यान्वयन

329. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या प्रधानमंत्री 10 दिसम्बर, 1998 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1266 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कितने जिलों में दलहन प्रोत्साहन योजना लागू करने का विचार हैं;

(ख) क्या इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;/

(ग) क्या इस योजना को उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों, विशेषकर उत्तराखंड/उत्तरांचल में भी लागू करने का विचार है जहां लोबिया, उड़द, सोयाबीन, तूर आदि दलहन फसलें प्रचुर मात्रा में उगायी जाती हैं; और

(घ) यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं , तो इसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल) : (क) तिलहन तथा दलहन प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना की स्कीम 295 जिलों को कवर करते हुए 24 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में क्रियान्वित की जा रही हैं।

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार ने सितम्बर, 1996 में राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना के तहत 44.905 करोड़ रूपये का प्रस्ताव प्राप्त किया गया है। प्रस्ताव में बीज वितरण एवं सिचाई (डीजल सप्लाई पर राजसहायता) पर राजसहायता की अनुमति देने के लिए 1996-97 से 2001-2002 तक ग्रीष्म कालीन दलहन उत्पादन के विशेष कार्यक्रम हेतु सहायता शामिल थी। लेकिन प्रस्ताव राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना के मानदण्डों के अनुसार नहीं था, अतः इसे स्वीकार नहीं किया गया। बहरहाल हमने 1996-97, 1997-98 और 1998-99 के दौरान राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य को निम्न राशियां निर्मुक्त की हैं:-

वर्ष	निर्मुक्त राशि
1996-97	713.50 लाख रूपये
1997-98	877.25 लाख रूपये
1998-99	550.00 लाख रूपये (आज तक)

(ग) और (घ) राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 49 जिले कवर किए गए हैं। इनमें से निम्न जिले पहाड़ी क्षेत्रों में हैं:

1. नैनीताल
2 पिथौरागढ़
3. पौड़ी गढ़वाल
4. उधम सिंह नगर
5. चम्पावत

"नैफेड" के प्रबंध निदेशक के विरूद्व भ्रष्टाचार के आरोप

330. **श्री राम शंकर कौशिक** :

प्रो. रामगोपाल यादव :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने "नैफेड" के प्रबंध निदेशक पर लगे भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के आरोपों की जांच कराई हैं या कराने का विचार कर रही है;